## कलश यात्रा निकाली

**रूपवास ।** कस्बे के गंगामन्दिर से लेकर स्टेशन रोड स्थित सेठ चन्दूशाह की धर्मशाला तक अग्रवाल समाज की सैकड़ो महिलाओं ने बैंडबाजों व ढोल नगाड़ों से कलश यात्रा निकाली। वही आज गुरुवार को शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक धौलपुर रोड स्थित लीलाश्याम पैराडाइज से लेकर बिजलीघर, पुरानी अनाज मंडी, हनुमान तिराहा, सब्जी मंडी महादेव चौक के रास्ते सीताराम मंदिर होते हुए नई कॉलोनी स्टेशन रोड तक निकाली जाएगी। कलश यात्रा का विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद अध्यक्ष निर्मला बंसल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अध्यक्ष नरेंद्र सिंघल गुड्डू ने बताया कि कलश यात्रा शिक्षिका विमलेश गर्ग के नेतृत्व में निकाली गई। जिसका जगह जगह जलपान, ठंडाई, फल, बिस्किट वितरण से स्वागत किया गया। तथा दुकानदारों ने पुष्प वर्षा की। वही कलश यात्रा का समापन चन्दूशाह धर्मशाला पर हुआ। इस दौरान युवाओं ने महाराज अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी की जय व अग्रोहा धाम अमर रहे के जयकारे लगाये। कलश यात्रा के दौरान थानाधिकारी लखन खटाना व टाउन चौकी इंचार्ज बच्चूसिंह मय जाब्ता के मौजूद थे। इस मौके पर सुमन कंसल, ज्योति गोयल, सुमन सिंघल, लक्ष्मी देवी, गुड़िया सिंघल, पुष्पा देवी, लक्ष्मी बंसल, सुनीता मंगल, ममता कुमारी, सुषमा गुप्ता, अनीता मंगल, अंशु गोयल आदि उपस्थित थे।

# जिला बचाओं संघर्ष समिति का सांकेतिक धरना-प्रदर्शन पांचवें दिन जारी

**गंगापुर सिटी ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर व देहात के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर पंचायत समिति परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जिसमें गांधीवादी लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने महात्मा गांधी जी के बताये सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके पश्चात जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित सांकेतिक धरना स्थल पर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की

- **महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती मंच पर मनाई**

तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इसके पश्चात महात्मा गांधी के संगीतमय भजनों की प्रस्तुति काजल जादो एण्ड पार्टी द्वारा दी गई जिसमें "रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम" जैसे भजनों पर गांधीवादी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। धरना पर बैठे आमजन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज बहुत ही बडा दिन है, महात्मा गांधी जी एवं लालबहादुर शास्त्री जैसे क्रांतिकारियों का जन्मदिवस है। गांधीजी ने सत्य व अहिंसा के बल पर अंग्रेजों को खदेडकर आजादी दिलाई जिसमें मुख्य योगदान गांधीजी का रहा है। गंगापुर सिटी जिले में पुलिस अधीक्षक के रिक्त पद को भरने एवं जिला गंगापुर सिटी को यथावत रखने की मांग को लेकर जिला बचाओं संघर्ष समिति का सांकेतिक धरना-प्रदर्शन लगातार 5वें दिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक जारी रहा है। धरने में नगरपरिषद के वार्ड नं. 9 से 12 तक के जनप्रतिनिधि एवं आमजन धरने में शामिल रहे।

सरकार द्वारा गंगापुर सिटी जिले को खत्म किया जा रहा है, इस अंदेशे को लेकर प्रतिदिन धरना स्थल पर आमजन द्वारा सांकेतिक धरना दिया जा रहा है। दिनांक 3 अक्टूबर को वार्ड नं. 13 से 16 के जनप्रतिनिधि, सामजिक संगठन एवं आमजन सांकेतिक धरने पर बैठेंगे। जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष विधायक रामकेश मीना ने जिला बचाओ जन जागरण अभियान के लिए कैलाशचन्द मीना रिटा. सीआई एवं फरीद सरकार की नियुक्ति मीडिया प्रवक्ता के रूप में की।



पांचवे दिन भी धरने पर बैठे लोग।

## जिला स्तरीय समारोह का आयोजन

**करौली ( नि.स. )।** जिले के सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु, भूखण्डहीन व्यक्तियों को पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक सपोटरा हंसराज मीणा के द्वारा कार्यक्रम के दौरान नादौती ब्लॉक के 7, श्रीमहावीरजी ब्लॉक के 3, टोडाभीम ब्लॉक के 22 सहित कुल 32 लाभार्थियों को पट्टे का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक हंसराज मीणा ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा वर्तमान समय में विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु, भूखण्डहीन व्यक्तियों को पट्टा वितरण कर सराहनीय कार्य किया गया है इससे आगामी समय में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी मकान भी आवंटित किया जा सकता है, इन परिवारों के बच्चों के लिए राज्य सरकार के द्वारा स्कूल में नामांकन करवाने सहित सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, उपखण्ड अधिकारी मण्डरायल, सूचना प्रौद्योगिकी के संयुक्त निदेशक प्रेमकिशन, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता परशुराम वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### शर्मा को राज्य स्तर पर मिला सम्मान



करौली के वेणु गोपाल शर्मा को राज्य स्तर पर किया सम्मानित ।

**करौली ( नि.स. )।** जिला वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष वेणु गोपाल शर्मा को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने राज्य स्तर पर सम्मानित किया है । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला अधिकारी बबलू शर्मा ने बताया कि वेणु गोपाल शर्मा की सराहनीय विभिन्न गतिविधियों का मूल्यांकन करके राजस्थान सरकार के अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव कुलदीप रांका वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देते हुए शाल उडाकर सम्मान प्रदान किया है। यह सम्मान शर्मा द्वारा किए गए वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की विभिन्न गतिविधियों,संयोजन कला मंच, पुस्तक लेखन,समाचार पत्रों में विविध विषयों में लेख प्रकाशित करने,करौली जिला उपभोक्ता संरक्षण समिति अध्यक्ष एवं रेल विकास समिति में दीर्घ अवधि तक सेवाएं देने तथा बाल कल्याण समिति करौली के अध्यक्ष रहते हुए विशिष्ट कार्य करने पर प्रदान किया गया है। राजस्थान हरिश्चंद्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान के बी एस मेहता सभा कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए शर्मा की व्यक्तिगत सेवाओं की सराहना की । इस अवसर पर विभाग के अतिरिक्त निदेशक दिलबाग सिंह एवं केसरी लाल मीणा भी उपस्थित थे।

### जितेंद्र गोठवाल ने की प्रेसवार्ता

**सवाईमाधोपुर, ।** प्रदेश की भाजपा की भजनलाल सरकार की 9 माह की उपलब्धियों को लेकर बुधवार को सवाई माधोपुर में भाजपा कार्यालय पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल एंव जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया । प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 9 माह के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किये है साथ ही कई ऐतिहासिक फैसले लिए है ,जिनका प्रदेश की आमजनता को आने वाले समय में सीधा लाभ मिलेगा ,गोठवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने इन 9 महीनों में बड़े काम किये है चाहे पेपर लीक को लेकर एसआईटी गठन का मामला हो ,या इआरसीपी योजना का मामला हो ,या 450 रुपये में सिलेंडर देने का वादा हो , अनपूर्णा योजना हो या बालिकाओं को स्कूटी देने की योजना हो , हर क्षेत्र में इन 9 महीनों में सरकार ने महत्वपूर्ण काम किये है । गोठवाल ने बिजली समस्या के सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश की आमजनता को बिजली समस्या से निजात दिलाने के लिए बड़े स्तर पर काम कर रही है ,जिसके चलते हालही में सरकार ने विभिन्न बिजली कंपनियों के साथ 132 लाख करोड़ का एमओयू किया है

### गरीबो को कराया भोजन

**करौली ( नि.स. )।** करौली कि नई सब्जी मंडी स्थित माँ अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजन शाला में भोजन प्रसादी कार्यक्रम हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष एव पूर्व पार्षद अरुण सारस्वतएवं उनके परिवार जनों द्वारा सप्रेम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सारस्वत परिवार के पुरुष एवं महिलाओं ने भोजनशाला में उपस्थित होकर आगंतुक सभी लोगों को भोजन प्रसादी खीर,पुआ,पूडी, सब्जी अपने हाथों से बड़े प्रेम के साथ सभी को खाना खिला कर दक्षिणा दी !उपस्थित सभी लोगों ने अरुण सारस्वत एवं उनके परिवार जनों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी बबलू शुक्ला, पूर्व पार्षद ललित हरदैनिया,पीसीसी सदस्य महेंद्र सुरोठिया,मनका सारस्वत,धर्मेंद्र शर्मा अंशुल सारस्वत ,नवीन सारस्वत चुन्ना, नंदन सारस्वत, दिव्यांशु , चिराग सारस्वत, टीकाराम मीणा एवं भोजन शाला के अध्यक्ष बालासाहेब उपस्थित रहे।

### सफाई सैनिकों का किया सम्मान

**गंगापुर सिटी ।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1द्वारा मनाया जा रहे सेवा सप्ताह के प्रथम दिन बुधवार को क्लब द्वारा गांधी जयंती पर पंचायत समिति परिसर में सफाई सैनिकों का सम्मान कर डस्टबिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया उसके पश्चात नगर परिषद के चैयरमैन एसडीम द्वारा सफाई सैनिकों का गमछा और माला पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही गंगापुर सिटी को स्वच्छ और स्वस्थ व कचरा मुक्त करने के लिए 1०० डस्टबिन का वितरण किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब अध्यक्ष सुरेश चन्द गुप्ता, गंगापुर सिटी जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी, एसडीएम बृजेन्द्र मीणा, एसीओ शैलेंद्र सिंह चौधरी, विकास अधिकारी गुलाब चंद व क्लब के सदस्यों द्वारा डस्टबिन का वितरण किया गया। कार्यऋम के संयोजक लायन कैलाश मंगलम और लायन सुरेंद्र विजयवर्गीय ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड और भारत मिल में 100 डस्टबिनों का वितरण किया जाएगा। लायंस क्लब सचिव ने बताया कि यह सेवा सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मनाया जावेगा जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यऋम आयोजित किए जाएंगे। 4 अक्टूबर को उदेई मोड स्थित भगवती उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## अमावस्या पर पूर्वजों की स्मृति में किया पौधा रोपण

**करौली( नि.स. )।** सर्व पितृ अमावस्या पर राजकीय पीजी कॉलेज परिसर में मॉर्निंग वॉक मंडल और पतंजलि मित्र मंडल की ओर से पौधारोपण किया गया। इस मौके पर श्राद्ध पक्ष में तर्पण संस्कृति के पोषक प्रेम प्रकाश उर्फ पिल्लू भट्ट और श्याम बाबू भट्ट का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में स्वामी सर्वेश्वर गिरी महाराज उत्तराखंड वालों का भी सानिध्य मिला। स्वामी सर्वेश्वर गिरी ने पौधारोपण को पर्यावरण संरक्षण की अहम कड़ी बताते हुए सनातन और संस्कृति पोषण का संदेश दिया। मॉर्निंग वॉक मंडल और पतंजलि मित्र मंडल की ओर से नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह,उपभोक्ता मंच सदस्य सुरेंद्र चतुर्वेदी,विष्णु चंद शर्मा, दिनेश सेठी,श्याम माथुर, राजेंद्र गुप्ता राजू, योग प्रशिक्षक विनोद गुर्जर ने प्रेम प्रकाश भट्ट और श्याम बाबू भट्ट का शाल ओढा कर और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। आयोजकों की ओर से उन्हे पौधे भी भेंट किए गए। इस मौके पर सभी ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनकी सार-संभाल का संकल्प लिया। नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधारोपण कार्य की सराहना की। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से अन्य लोगों को प्रेरणा भी मिलती है। आयुक्त ने कॉलेज खेल मैदान में सफाई कराने का भी आश्वासन दिया। आयोजक मंडल के पूरन प्रताप चतुर्वेदी, मनोज शर्मा एकट बोधग्राम, मुकेश शर्मा मूला, वीरेंद्र शर्मा, एडवोकेट श्यामसुंदर सैन आशीष कांत कौशिक, बबलू शुक्ला, खादी मंडल मंत्री सौरभ शर्मा तेजू अग्रवाल, अखिलेश गर्ग, भल्लू गुर्जर, राजेश सिंह, गोविंद रजक, कृपाल मीणा लागरा, शर्मा एडवोकेट अजय धावाई, सुरेश चतुर्वेदी, सहित अन्य ने पौधारोपण किया।

## अग्रसेन जयंती आज, कलश यात्रा, शोभायात्रा, एवं झांकियों सहित सजेगी करौली

**करौली( नि.स. )।** महाराजा अग्रसेन की जयंती की उपलक्ष में बुधवार को मंदिर श्री गोविंददेवजी में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इसी के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। वही अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के तहत अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य मे अग्रवाल समाज करौली के शतायु पूर्ण कर चुके बुजुर्ग हरिचरण लाल गुप्ता,मनमोहन गुप्ता,रामपति देवी,हरवेदी गुप्ता के 100 वर्ष पूरे होने पर समाज के पदाधिकारी ने घर जाकर सॉल व साफा भेट कर सम्मान किया।

अग्रेसेन जयंती उत्सव कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल द्वारा दोपहर को अग्रवाल समाज सदन में महिला व बालिकाओ की नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की। कार्यक्रम शुभारंभ नैन्सी बंसल एंडपार्टी द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति देकर किया। इसी के साथ महिलाओं एवं बालिकाओं ने राजस्थानी गाने,सांस्कृतिक नृत्य एवं अग्रसेन जी के भजनों पर जमकर ठुमके लगाए। इसके बाद साय 6:30 बजे मंदिर गोविंद देवजी महाराज,महालक्ष्मी जी व अग्रसेन जी महाराज की 1100 दीपो से महा-आरती की गई। जिनसे लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा काफी तादात में लोगों ने महाआरती की अग्रसेन जयंती के अवसर पर आज गुरूवार को प्रातः 7:00 बजे मोटर साइकिल रैली निकाली जायेगी।


करौली के गोविंददेव जी मंदिर मे सजी छप्पन भोग की झांकी ।

## गांधी जयन्ती पर हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा

**सवाई माधोपुर, ।** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर 2 अक्टूबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर कृषि उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीना, नगर परिषद सभापति सुनिल तिलकर, पूर्व उपसभापति राजेश गोयल एवं एसडीएम अभिमन्यु सिंह कुंतल ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कृषि मंत्री ने कहा कि राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के विचार और आदर्श हमें सत्य, अहिंसा और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, ताकि हमारा देश और प्रदेश प्रगति के नए शिखरों को छू सके।

उन्होंने कहा कि हम सबको राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जी के विचारों को अपनाकर देश की उन्नित में भागीदार बनना होगा।

जिला कलेक्टर ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को शब्दों से श्रद्धांजलि देते हुए विद्यार्थियों को गांधी जीवन दर्शन पढ़ने तथा गांधी जी के आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महात्मा गांधी के बताएं मार्ग पर चलते हुए जीवन में सत्य अहिंसा को अपनाने तथा स्वच्छता के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाने का आहान किया।

इस अवसर पर गुलाब बाग में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर सरस्वती वन्दना, गुरू वन्दना, रामधुन, नामधुन, बौद्ध धर्म प्रार्थना, गायत्री मन्त्र, इस्लाम धर्म प्रार्थना, जैन धर्म प्रार्थना, हर देश में तू, शांति पाठ, वैष्णवजन तो तेने कहिए जो पीड पराई जाने रे, दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल, साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल तथा धर्म वो ही एक सच्चा जगत को प्यार देवे हम जगत में दी जन जितने का विद्यार्थियों तथा उपस्थितजन द्वारा सामूहिक गायन किया गया।

सद्भावना रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेशः- कार्यक्रम से पूर्व स्काउट गाइड एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से अम्बेडकर सर्किल होते हुए पुराने ट्रक यूनियन से गुलाब बाग तक सद्भावना रैली निकालकर माहत्मा गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने तथा स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक दिनेश कुमार गुप्ता, स्काउट सचिव महेश सेजवाल, मीना शर्मा, स्थानीय नागरिक, स्काउट गाइड एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## दशहरा के अवसर पर आज से होगा रामलीला का मंचन

**गंगापुर सिटी ।** गुरूवार से नगर परिषद द्वारा विजयदशमी से पूर्व पुरानी अनाज मण्डी मे भव्य रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। विजयदशमी (दशहरा मेला) रावण दहन के कार्यक्रम से पूर्व नगर परिषद गंगापुर सिटी द्वारा पुरानी अनाज मण्डी प्रांगण में ०3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायंकाल 7.3० बजे से रात्रि 1०.3० बजे तक भव्य रामलीला मंचन कार्यऋम का आयोजन किया जावेगा। भव्य रामलीला मंचन का प्रस्तुतीकरण प्रसिद्ध वृंदावन की पार्टी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना के साथ की जावेगी। रामलीला मंचन कार्यक्रम में विभिन्न पात्रों का अभिनय जैसे- नारद मोह, रावण तपस्या, भगवान राम जन्म, विश्वामित्र आगमन, ताडका वध, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, भगवान राम वनवास, राजा दशरथ मरण, भरत मिलाप, सीता हरण, बाली बध, लंका दहन, विभीषण शरणागति, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, मेघनाद बध, रावण बध एवं भगवान राम का राजतिलक इत्यादि आपको देखने को मिलेगे। 12 अक्टूबर को विजयदषमी (दशहरा) को रावण दहन का कार्यक्रम स्थानीय हायर सैकेण्डरी खेल मैदान में सायंकाल 7 बजे से किया जावेगा।

## भाजपाईयो ने जयन्ती पर किया गांधी व शास्त्री को याद

**गंगापुर सिटी ।** भाजपाईयो ने बुधवार को राष्ट पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। स्कूलों में भी गांधी-शास्त्री जयंती के निपूण मेलों का आयोजन किया गया।

कांग्रेसियों के द्वारा भी गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

- **भाजपाईयो ने बुधवार को राष्ट पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई।**
- **स्कूलों में भी गांधी-शास्त्री जयंती के निपूण मेलों का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों के द्वारा भी गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।**

इसके बाद कलेक्ट्रेट के सामने गांधी जयंती मनाई और रामधुनी का आयोजन किया गया। सुबह करीब 8.3० भाजपाई पंचायत समिति स्थित महात्मा गांधी पार्क पहुंचे। यहां पर भाजपाइयों ने महात्मा गांधी पार्क में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद किया। इसके बाद संगोष्ठी आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने कहा कि पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा का पाठ पढने वाले महात्मा गांधी से कार्यकर्ताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि राष्ट पिता महात्मा गांधी के विचार और आदर्श हमें सत्य, अहिंसा और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, ताकि हमारा देश और प्रदेश प्रगति के नए शिखरों को छू सकें। उन्होंने कहा कि गांधी ने स्वच्छ और सफाई का मार्ग प्रशस्त किया, ऐसे में सभी को अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखना चाहिए, जिससे हर व्यिक्त खुश एवं स्वस्थ्य रह सकें।

प्रधान मंजू गुर्जर ने कहा कि हमें महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर किसी को भी अहिंसा का मार्ग नहीं अपनाना चाहिए और भाईचारे से रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको राष्ट पिता महात्मा गांधी जी के विचारों को अपनाकर देश की उन्नति में भागीदार बनना होगा।

इस दौरान शहर मंडल अध्यक्ष नवीन शर्मा, महामंत्री मिथलेश व्यास, कमलेश महावर, गोपाल धामोनिया, रामसिंह खटाना, घनश्याम शर्मा, अंजू जाटव, सत्यनारायण शर्मा, प्रदीप सरकार, अंकित तोमर, पूर्व सभापति संगीता बोहरा, नेत्रपाल, चिरंजी लोढा, गोपाल गुप्ता, श्याम मेंबर, सुरेंद्र मित्तल, राधा दीक्षित, भरतलाल मीणा, मुकेश जांगिड, अशोक कमलापुर, रघुनाथ गुर्जर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


जयन्ती पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा पदाधिकारी।

## गुमाना माता की प्रतिमाओं की होगी प्रतिष्ठा

**करौली ( नि.स. )।** शारदीय नवरात्रा के शुभारंभ अवसर पर आज गुरुवार को करौली जिला मुख्यालय पर दो अलग-अलग हस्त निर्मित गुमानो माता की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ पूजा अर्चना कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। गुमानो मां सेवा समिति गुमानो माता मंदिर चिकना फर्श करौली के भक्त कैलाश शर्मा ने बताया कि गुरुवार को शारदीय नवरात्र कि स्थापना के अवसर पर आज अभिजित मुहूर्त में हस्त निर्मित प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा के साथ पं हरिचरण शास्त्री मध्यप्रदेश वाले नवरात्रि में श्रीमद् देवी भागवत का पाठ करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रतिदिन शाम 7:00 बजे आरती दर्शन होंगे एवं नवरात्र समाप्त होने के पश्चात समिति के तत्वाधान में 13 अक्टूबर को करौली से करनपुर वाली गुमानो माता की निशुल्क विशाल पदयात्रा नवल बिहारी जी का मंदिर पुराने नगर पालिका से रवाना होगी जिसका रात्रि विश्राम कैलादेवी कस्बा स्थित आगरा पड़ाव में होगा एवं 14 अक्टूबर को करनपुर वाली माता के मंदिर में फूल बंगला और छप्पन भोग के अलावा भजन गायक कलाकारों द्वारा रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा मां गुमानों करणपुर समिति के गिर्राज तिवारी ने बताया कि शारदीय नवरात्र के शुभारंभ पर आज गोपाल जी महाराज का मंदिर नगाडखाना दरवाजा स्थित गुमानो माता की हस्त निर्मित प्रतिमाओं की स्थापना होगी।

## खेल केवल मनोरंजन का ही साधन नहीं : एस. डी.एम

**हिण्डौन सिटी ।** गत 26 सितंबर से कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के संयोजन में आयोजित हो रही 68वीं राज्य स्तरीय विद्यालय छात्र वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को भव्य समारोह के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपखंड अधिकारी हेमराज

- **68वीं राज्य स्तरीय विद्यालय छात्र वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को भव्य समारोह के साथ समापन हुआ**

गुर्जर ने खिलाडी छात्राओं को संबोधित करते हुए विजेता खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं के साथ वर्तमान परिपेक्ष में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला ।इस दौरान उन्होंने कहा कि जैसा कि हम सब जानते हैं कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल हमारे जीवन में विशेष महत्व रखते हैं और हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज वर्तमान परिपेक्ष में खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं रहे, बल्कि इससे सामाजिक प्रतिष्ठा और अच्छे करियर का निर्माण भी होता है। इस दौरान उन्होंने देश की सफलतम खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए उनके सफल व्यक्तित्व और प्रतिष्ठित जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र कमेटी के विकास पाटनी ने की । इस अवसर पर संरक्षक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवाडी विशिष्ट अतिथि के रूप में इन्द्राज गुर्जर उपप्रधान, चौवेलाल सेवानिवृत्ति कमिश्नर, अनीता गुर्जर सरपंच अकबरपुर सरपंच प्रतिनिधि नौरंगाबाद आराम सिंह गुर्जर, मुकेश शर्मा व अनिल भारद्वाज, ,शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीणा, पूर्व खेल प्रभारी माध्यमिक शिक्षा भरतपुर नटवर सिंह,पूर्व प्रारंभिक शिक्षा के खेल प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा रहे। संयोजक एवं प्रधानाचार्य मुकुट कुमारी गुर्जर व फील्ड मार्शल लोकेश कुमार मीणा एवम मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया की आयोजित समापन समारोह के दौरान राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के विजेता और उप विजेता टीमों को शील्ड एवं मेडल प्रदान किए गए। जिसमें 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर रही जिला भीलवाड़ा की टीम को अतिथियों ने मंच से पुरस्कार प्रदान किया तो वहीं द्वितीय स्थान पर रहने वाली सीकर और तृतीय स्थान पर रहने वाली बाडमेर जिला टीम को भी अतिथियों ने शील्ड और स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इसी तरह 19 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर रहने वाली जयपुर अकादमी टीम, द्वितीय स्थान पर रहने वाली सीकर और तृतीय स्थान पर रहने वाली जयपुर ग्रामीण टीम को शील्ड और मेडल प्रदान किए गए। 6 दिन तक चली इस खेलकूद प्रतियोगिता में अपने जोश, जुनून और जज्बे के साथ मैदान पर पसीना बहाकर विजय श्री का वर्णन करने वाली इन टीमों के खिलाड़ियों के चेहरे पर जीत की चमक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। जिन्हें दर्शकों और पंडाल में मौजूद विभाग के प्रति नियुक्त कार्मिक एवं जनप्रतिनिधियों की तालिया ने खेल के क्षेत्र में और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है।

इस अवसर पर प्रतियोगिता को निर्विघ्न रूप से संपन्न करने के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रति नियुक्त निर्णायक शारीरिक शिक्षक एवं अन्य कार्मिकों को भी अतिथियों ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी ने प्रतियोगिता का प्रतिदिन पढ़ा और पूरे 6 दिन तक चली खेल की इन गतिविधियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रभारी प्रधानाचार्य एम डी भावना व प्रियंका शर्मा के निर्देशन में विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।